Class = VIII (Page = 3/5) (Chapter-प्राकृतिक संसाधन; खनिज, ऊर्जा, पेड़ पौधे एवं वन्य जीव)
Subj = S.St

वन्य जीव जंगलों की शोभा बढ़ाते है इनके रहने का स्थान जंगल ही है जिस कारण इनके जीवन को एक बड़ा खतरा है साथ ही बड़े स्तर पर जलवायु परिवर्तन जो मनुष्य के लापरवाही की जिम्मेदार मानता है। कल कारखानों से, उत्सर्जन होने वाला खतरनाक धुआँ एवं वाहन में प्रयोग होने वाला ईंधन, वायुमंडल को काफी हद तक प्रभावित करता है जो कि वनस्पति अर्थात जंगल एवं वन जीवों के अस्तित्व के लिए खतरा है।

(थ) - ऊर्जा का वैकल्पिक संसाधन

उत्तर = सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा एवं भूतापीय ऊर्जा, ऊर्जा का वैकल्पिक संसाधन है। हम अपने चारों तरफ परिवहन संसाधन के लिए जमीन से प्राप्त तेल का प्रयोग करते है जो पर्यावरण के लिए घातक है। जमीन से प्राप्त कोयला का एक बड़ा भाग हमने प्रयोग कर लिया है। भविष्य में ऊर्जा के रूप में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा एवं भूतापीय ऊर्जा को उम्मीद की नज़र से देखा जाने लगा है। जो प्रकृति में बड़ी मात्रा में विद्यमान है और इसके कभी न खत्म होने की सम्भावना भी है जिससे ~~[illegible]~~ पर्यावरण को भी कोई खतरा नहीं है।